

## नीमच-रतलाम दोहरीकरण के कारण ट्रेने प्रभावित

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नीमच-रतलाम खंड के दोहरीकरण कार्य के अंतर्गत ढोढर-कचनारा-दलौदा रेल खंड के दोहरीकरण हेतु प्रस्तावित मेजर ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल की चार ट्रेनें प्रभावित होगी। 20 जुलाई, 2025 को उज्जैन से चलने वाली गाड़ी संख्या 69231 उज्जैन चित्तौड़गढ़ मेमू रतलाम स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा रतलाम से चित्तौड़गढ़ के मध्य निरस्त रहेगी। 20 जुलाई, 2025 को चित्तौड़गढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 69232 चित्तौड़गढ़ उज्जैन मेमू रतलाम से शॉर्ट ऑरिजिनेट होगी तथा चित्तौड़गढ़ से रतलाम के मध्य निरस्त रहेगी। 19 जुलाई, 2025 को यमुना ब्रिज से चलने वाली गाड़ी संख्या 19818 यमुना ब्रिज रतलाम एक्सप्रेस, नीमच रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा नीचम से रतलाम के मध्य निरस्त रहेगी। 20 जुलाई, 2025 को रतलाम से चलने वाली गाड़ी 19327 रतलाम उदयपुर सिटी एक्सप्रेस, नीचम से चलेगी तथा रतलाम से नीचम के मध्य निरस्त रहेगी।

## 19 को वीणा स्वर वादन से महकेगा गुलाब चक्कर

**रतलाम।** धर्म नगरी रतलाम माँ कालिका माता समीप गुलाब चक्कर जहाँ प्रकृतिमय स्वच्छ सुंदर जगमग रोशनी से चकाचौंध संगीत योग से आमजन आनंद की अनुभूति कर पा रहें हैं। कलेक्टर राजेश बाथम के प्रयासों से एक संयुक्त मंच के रूप में विकसित किया। जहाँ सांस्कृतिक योग अमृत की श्रृंखला अनवरत जारी है। 19 जुलाई सांय 07 :30 से 10 बजे तक वीणा म्यूजिकल ग्रुप का शानदार गीत संगीत कार्यकम किया जाएगा। ग्रुप मेंबर नित्येद्र एम आचार्य ने बताया कि संगीत एक थेरेपी है। जिससे व्यक्ति एक अलग दुनिया में खो जाता है योगगुरु विशाल कुमार वर्मा योग आत्मिय शक्तियों को जागृत कर अष्टांग चक्र के द्वार को खोलने में सहायक भूमिका निभाता हैं ग्रुप के मनोहर मीणा ने जनता से आव्हान किया है। संगीत कार्यक्रम में शामिल हो कर कलाकारों को सुनकर आनंद की अनुभूति लें।

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था द्वारा 23 एवं 25 जुलाई को विशेष प्लेसमेंट केम्पस आयोजित

**रतलाम।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था द्वारा बताया गया कि 23 जुलाई एवं 25 जुलाई 2025 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सज्जन मिल के सामने, सैलाना रोड, रतलाम में द्वारा 23 जुलाई को पद-30, वेतन 15000 रूपए, आयु 18-24 वर्ष, योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण एवं कंपनी द्वारा 25 जुलाई को पद-500, आयु 18-25 वर्ष, वेतन-19230-20230 रूपए, योग्यता-12वी, आईटीआई, डिप्लोमा, बीई, बीटेक, ग्रेजुऐट के लिए एक दिवसीय प्लेसमेंट केम्पस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती की जावेगी। केम्पस मे सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन पंजीयन लिंक पर समस्त आवेदक पंजीयन कर सकते है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सज्जन मिल के सामने, सैलाना रोड, रतलाम में उपस्थित होकर केम्पस मे भाग ले सकते है। आयोजन के दिन अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं बायोडाटा सहित अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों को लेकर आई. टी. आई. परिसर में प्रात: 10 बजे उपस्थित हो सकते है। भर्ती कंपनी द्वारा अपनी शर्तों पर की जाएगी। साक्षात्कार के समय कंपनी से समस्त जानकारी स्वयं प्राप्त करें। उपरोक्त केम्पस में प्रतिभागिता हेतु आपकों कोई यात्रा व्यय नही दिया जाऐगा।

## सृजन महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया 108 पौधों का रोपण

**रतलाम।** शहर से लगे धामनोद स्थित विपस्सना ध्यान केंद्र में आयोजित वसुधा नमस्तुभ्य कार्यक्रम में सृजन महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिए जिसमें उन्होंने विपस्सना ध्यान कला के बारे में जाना और ध्यान केंद्र का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा 108 पौधों को रोपा गया। कार्यक्रम के आयोजन सृजन भारत संयोजक अनिल झालानी द्वारा आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने वसुधा को समर्पित ये जीवन इस संकल्प के साथ विद्यार्थियों को प्रत्येक दिन ऐसे जीने की बात कही जिसमें हम प्रकृति से अपना जुड़ाव महसूस कर सके। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर आर्ची हरित ने विद्यार्थियों को प्रकृति से ये सीख लेने की बात कहीं की प्रकृति कभी स्वयं के लिया नहीं कुछ करती वो सदैव अपने आस पास के वातावरण को शुद्ध करने के लिए जीती है, इसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने जीवन में जहाँ भी कुछ करने का मौका मिले वहां अपना कार्य ऐसे करना चाहिए जिससे वातावरण शुद्ध बना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक वन संरक्षाक प्रदीप कछावा ने की विशेष अतिथि धामनोद नगर परिषद् अध्यक्ष दुर्गा डिंडोर रही। साथ ही कार्यक्रम में प्रमुख जन धामनोद नगर परिषद् अधिकारी पूजा गोयल, जय जवान जय किसान संस्था से विवेक सिंह राठौर, विपस्सना ध्यान केंद्र से डॉ शारदा वाधवानी और सृजन महाविधालय से समन्वयक निसर्ग दुबे, खेल शिक्षिका ताहिरा खान, उपस्थित रहे।

## एकीकृत बागवानी प्रबंधन हेतु सहायक योजनाओं में अनुदान

**रतलाम।** उप संचालक उद्यान मंगल सिंह डोडवे द्वारा बताया गया कि उद्यानिकी विभाग रतलाम को एकीकृत बागवानी विकास मिशन वर्ष 2025-26 हेतु फसलोत्तर प्रबंधन व अन्य घटकों में शासकीय एवं निजी क्षेत्र में कृषको/उद्यमियों को लाभान्वित किए जाने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इसमें मुख्य रूप से शासकीय क्षेत्र में नर्सरी इकाई स्थापना, मशरूम इकाई, प्लांट हेल्थ क्लिनिक तथा क्वालिटी कंट्रोल लैब आदि की स्थापना पर 100 प्रतिशत शासकीय अनुदान सहायता तथा निजी क्षेत्र में इंटीग्रेटेड पैक हाउस, कलेक्शन सेंटर, प्री-कुलिंग यूनिट, कोल्डरूम (स्टेगिंग), कोल्ड स्टोरेज (500 मेट्रिक टन), राईपनिंग चेम्बर, लॉ कास्ट ओनियन/गार्लिक स्टोरेज, इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन, नर्सरी इकाई स्थापना, मशरूम इकाई, मधुमक्खी कॉलोनी उत्पादन इत्यादि पर 35-50 प्रतिशत अनुदान सहायता उपलब्ध है। इच्छुक कृषक/उद्यमी अपने विकासखंड के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी कार्यालय अथवा संचालक उद्यान कार्यालय नवीन कलेक्ट्रेट भवन रूम नंबर 201-202 में संपर्क कर अतिरिक्त जानकारी प्राप्त कर आवेदन प्राप्त कर सकते है।

# शहर से निकाली निष्ठा कावड़ यात्रा...धर्ममय हुआ शहर

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर से उज्जैन के लिए निष्ठा कावड़ यात्रा शुक्रवार सुबह निकाली गई। ढोल-ढमाकों डीजे के साथ निकाली गई कावड़ यात्रा में बड़ी संया में कावड़यात्री शामिल हुए। कावड़ यात्रियों का जगह-जगह स्वागत

**श्रावण सोमवार को उज्जैन पहुंचकर करेंगे भोलबाबा का अभिषेक**

किया गया। शुक्रवार सुबह काटजू नगर स्थित श्री आमलिया भेरू मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा के संयोजक वैभव जाट (सन्नी पहलवान) और जवाहर व्यायाम शाला अंबर परिवार द्वारा निकाली गई कावड़ यात्रा का शहर में कई स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा सैलाना बस स्टैंड, पावर हाउस रोड, दो बत्ती, मित्र निवास रोड, प्रताप नगर ब्रिज, सालाखेड़ी होते हुए धराड़ की ओर रवाना हुई। उज्जैन के महाकाल का किया जाएगा अभिषेक कावड़ यात्री कावड़ में माही नदी का पवित्र जल लेकर निकले। कावड़ी यात्री 21 जुलाई की सुबह सावन माह के दूसरे



सोमवार को उज्जैन के महाकाल मंदिर पहुंचेगे। जहां महाकाल का माही नदी से जलाभिषेक करेंगे।

### यात्रा रही आकर्षण का केंद्र

सावन माह में निकलने वाली निष्ठा कावड़ यात्रा आकर्षण का केंद्र रही। शुक्रवार सुबह शहर की सड़कों पर निकली यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा रतलाम धर्ममय हो गया।के स निष्ठा कावड़ यात्रा काटजू नगर स्थित आमलिया भैरू जी मंदिर से महाआरती के बाद शुरू हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। सभी भक्तों के हाथों में माहीजी का जल था जिससे बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा।

जलाभिषेक के साथ देश में सुख-शांति, समृद्धि की कामना करेंगे। उसके बाद वाहनों के माध्यम से सभी कावड़ यात्री लोटेंगे। आयोजकों ने बताया कि यह लगातार तीसरे वर्ष निकल रही है। निष्ठा कावड़ यात्रा का शहर से लेकर जिले की सीमा तक पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। सैलाना बस स्टैंड स्थित आमलिया भेरू से निकली यात्रा का कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम ने प्राप्त किया 32 वां स्थान

**रतलाम।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत प्रदेश की आठ नगरीय निकाय तथा ऐसे निकाय जिन्होने अपना शानदार प्रदर्शन कर स्वच्छता सेवाओं को बेहतर बनाने व 50

**स्वच्छता सहभागियों को महापौर प्रहलाद पटेल ने दिया धन्यवाद**

हजार से 3 लाख आबादी वाले 824 शहरों में रतलाम शहर को 32वीं रैंकिग प्राप्त होने पर महापौर प्रहलाद पटेल ने नगर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों स्वच्छता कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

17 जुलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मान समारोह में प्रदेश के आठ नगरीय निकाय क्रमश: इंदौर, उज्जैन, बुदनी, भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर व ग्वालियर को विभिन्न श्रेणियों में सम्मान प्राप्त हुआ। 50 हजार से 3 लाख आबादी वाले शहरों में रतलाम शहर ने 32वीं रैंकिग प्राप्त हुई पिछले वर्ष यह रैंकिग 46 थीं। रतलाम शहर में 1 वर्ष में स्वच्छता में काफी सुधार हुआ है इस हेतु नागरिक, जनप्रतिनिधी, स्वच्छता कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी धन्यवाद के पात्र है।

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), मिशन संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 17 से 30 जुलाई चलाये जा रहे "धन्यवाद मध्यप्रदेश" अभियान के तहत महापौर प्रहलाद पटेल ने नागरिकों, जनप्रतिनिधियों स्वच्छता कार्य से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों धन्यवाद देते हुए लिखा कि स्वच्छ भारत मिशन के आगाज के साथ ही मध्यप्रदेश ने इसे एक जन अभियान के रूप में अंगीकार किया। इन वर्षो के दौरान हम सभी ने हमारे प्रदेश को स्वच्छ बनाया और स्वच्छता को एक संस्कार के रूप में स्वीकार्य भी बनाया। हमने घर, मोहल्ले, गलियों, चौराहों के साथ जलाशयों और जलधाराओं के तटों पर स्वच्छता की आभा बिखेर दी। इसीलिए आज मध्यप्रदेश देश के सर्वश्रेष्ठ राज्यों में शामिल है।

आप जानते है कि भारत सरकार हर साल दुनिया की सबसे बडी स्वच्छता प्रतियोगिता यानि स्वच्छ सर्वेक्षण आयोजित करती है। इस साल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम भी हमारे लिए सुखद रहें है। हमारे आठ शहरों में राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त किए है। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव का विषय है।

प्रदेश के यह सम्मान दिलाने में आप सभी की बडी भूमिका है। आपके सहयोग से हमनें सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलिथीन को समाप्त करने का संकल्प लिया, हमने गली, मोहल्ले, बाजार, सड़कों को स्वच्छ बनाया। इसके साथ ही सौ प्रतिशत कचरा एकत्र करते हुये उसका निदान भी सुनिश्चित कर रहें है।

हम आपके सहयोग के लिए आपका आभार व्यक्त करते है और भविष्य में इसी प्रकार के निरंतर सहयोग की अपेक्षा रखते है। हम सभी को मिलकर अपने शहर, प्रदेश और देश को साफ और स्वच्छ बनाना है।

# छात्र-छात्राओं को सेव परमल वितरण जांच में दोषी पाए जाने पर निलंबित

**रतलाम।** ग्राम पंचायत लालगुवाड़ी के ग्राम लालगुवाड़ी में शास. प्रा. वि. लालगुवाड़ी में मध्यान्ह भोजन के एवज में छात्र-छात्राओं को सेव परमल वितरण किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने पर, कार्यालय जिला पंचायत रतलाम के संज्ञान में आने पर मु.का.अधि. जि.पं. रतलाम श्रृंगार श्रीवास्तव द्वारा जिला पंचायत की मध्यान्ह भोजन शाखा के नोडल अधिकारी एवं अति.मु.का.अधि. निर्देशक शर्मा को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। अति.मु.का.अधिकारी की जांच में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक भूपेंद्र सिंह सिसोदिया, जनशिक्षक कैलाश डामोर, शासप्रावि लालगुवाड़ी की प्रधानाध्यापिका श्रीमती विजया मैड़ा एवं सरस्वती स्व सहायता समूह की अध्यक्ष एवं सचिव को दोषी पाया गया।प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रतलाम श्रृंगार श्रीवास्तव द्वारा विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक भूपेंद्र सिंह सिसोदिया, जनशिक्षक कैलाश डामोर एवं शास.प्रा.वि.लालगुवाड़ी की प्रधानाध्यापिका श्रीमती विजया मैड़ा को मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया और सरस्वती स्व सहायता समूह को शास. प्रा. वि. लालगुवाड़ी की मध्यान्ह भोजन व्यवस्था तत्काल प्रभाव से पृथक किया गया और यह व्यवस्था ग्राम पंचायत लालगुवाड़ी को सौंपी गई।

# बहू सास-ससुर को माता-पिता समझ सेवा करे तो घर नहीं टूटेगा : सुश्री गीता कुमारी

**रतलाम।** श्री हरि कथा योजना एवं वनवासी ट्रस्ट के निर्देशन में श्री राम कथा समिति रतलाम द्वारा सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है इसके अंतर्गत आज आज 17 जुलाई 2025, गुरुवार को श्री कालिका माता मंदिर हॉल, रतलाम में दोप. 3 बजे से प्रारम्भ हुई। एकल अभियान एवं श्री हरि कथा आयोजन समिति रतलाम के सचिव अनिल पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम कथा का वाचन कथा वाचक सुश्री गीता कुमारी जी (वनवासी कथा वाचक) द्वारा किया गया। आज पोथी पूजन के मुख्य अतिथि आनंद गिरि जी महाराज पंचमुखी हनुमान मंदिर अडवानिया केदारेश्वर, माधव काकानी समन्वय परिवार, दिलीप मकवाना पूर्व विधायक, जनजाति मोर्चा, भाजपा रावटी मंडल, बाजना मंडल, त्रिनेत्र संस्कृतिक संगम, राकेश पाटीदार रेन मऊ मित्र मंडल, सैलाना सरवन - संच आचार्यो द्वारा पोथी पूजन किया गया। कथा में सुश्री गीता किशोरी ने कथा में कहा कि कथा जगत जननी माता जानकी के विदाई समय माता सुनयना कहती है। सासू ससुर गुरु सेवा करेहु, पति रुख लखी आयुष अनुसरेहू। आदरपूर्वक सास-ससुर के चरणों की पूजा (सेवा) करने से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं है। आज कल की माता कुछ ओर ही समझा कर भेज देती हैं और जो बाकी बचता है मोबाइल से प्रतिदिन सुबह शाम (दूध में नमक की तरह) ज्ञान बांटती रहती हैं। जो पुत्रवधू आदरपूर्वक सास, ससुर, गुरु और पति की सेवा करती हैं उनके लिए संसार में इससे बढ़कर धर्म और कुछ है ही नहीं। भरत चरित्र का कथा गायन में कहती है भरत चरित कीरति करतूति, धर्म शील गुण विमल विभूति भरत का चरित्र, यश, कर्म, धर्म, शील, गुण और निर्मल ऐश्वर्य। यह पंक्ति भरत जी के गुणों का वर्णन करती है, जो राम के प्रति उनकी अटूट भक्ति और निस्वार्थ सेवा को दर्शाती है। परंतु वर्तमान समय में तो भाई भाई का ही दुश्मन बना हुआ। हमे अपने भाई भगवान ही मानना चाहिए, इनसे अटूट प्रेम करना वरना घर बिखर जाएगा। आरती में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी, भाजपा वरिष्ठ नेता कन्हैया लाल मौर्य, पूर्व विधायक संगीता चारेल, प्रजापति ब्रह्मा कुमारी बीके गीता दीदी, बीके आरती दीदी, राजेंद्र पोरवाल, समाजसेवी प्रेमलता दवे, माहेश्वरी प्रगति महिला मंडल, नमो ग्रुप महिला, समाज सेवी नरेंद्र गिलडा सह परिवार, नरेंद्र श्रेष्ठ आरती में उपस्थित रहे।




# तीन दिवसीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

**रतलाम।** नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण

**उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहा था प्रशिक्षण शिविर**

शिविर का समापन शुक्रवार को उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रतलाम में भव्य रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अनीता सागर के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य सुभाष कुमावत, एडीपीसी अशोक लोढ़ा एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपेंद्र सिंह ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि श्रीमती सागर ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। खेलों से विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और सहयोग की भावना का विकास होता है। शिक्षक इस प्रशिक्षण का लाभ लेकर विद्यालयों में खेलों को एक नई दिशा दें।

प्राचार्य कुमावत ने कहा, यह शिविर केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि शिक्षकों के लिए नई सोच और दिशा का माध्यम है।

शिक्षक स्वयं एक प्रेरणा बनें और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका निभाएं।

शिविर के दौरान प्रशिक्षकों ने खेल शिक्षकों को नवीन तकनीकों, खेल विज्ञान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण से सशक्त बनाने का कार्य किया। प्रमुख प्रशिक्षकों में राजेश कोठारी, महेंद्र शुक्ला, पृथ्वीराज सिंह राठौड़, राहुल परमार, के. पुरोहित, शंकरलाल मालवीय, जुल्फ़िकार कुरैशी एवं मनीष शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

कार्यक्रम का कुशल संचालन महेंद्र सिंह सोलंकी ने किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपेंद्र सिंह ठाकुर ने अतिथियों का परिचय व स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, जबकि विजय रावल द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## व्यक्ति को जिनवाणी का श्रवण अवश्य ही करना चाहिए

**रतलाम।** जैन सोशल ग्रुप रतलाम ग्रेटर ने इस चातुर्मास में हर सप्ताह किसी एक स्थानक में जाकर वहां विराजित साधु साध्वियों के प्रवचन सुनने का निश्चय किया है। इसी कड़ी में आज जैन सोशल ग्रुप रतलाम ग्रेटर के दम्पति सदस्यों ने श्री खरतरगच्छ श्री संघ उपाश्रय पर विराजमान पूज्या महासती श्री संस्कारनिधि जी महाराज साहेब, श्री सम्यक निधीजी, श्री निर्वेद निधीजी के दर्शन किये और उनके प्रवचनों का लाभ लिया। महाराज साहेब ने बताया कि मानव जीवन बहुत दुर्लभ है।यह एक बार ही मिलता है। आप इसका अपने विवेक से उपयोग कर परमात्मा भी बन सकते हैं। जैन धर्म में पैदा हर व्यक्ति को जिनवाणी का श्रवण अवश्य ही करना चाहिए। भगवान महावीर स्वामी जी की प्रथम देशना भी इसीलिए निष्फल हो गई क्योंकि उसमें कोई मनुष्य उपस्थित नहीं था। चमत्कार के लालच में लोग इधर उधर दौड़ते रहते हैं। हम अपने धर्म पर आस्था रखकर परमात्मा से भी मिल सकते हैं। प्रवचन उपरांत पधारे हुए सभी श्रद्धालुओं को अशोक चौपड़ा, ,चितरंजन लालन, महेंद्र चौपड़ा, पंकज चौपड़ा द्वारा प्रभावना वितरण किया गया।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं के प्रचार में मीडिया का है योगदान : डॉ. खराडी

### मीडिया एडवोकेसी एवं अंतर विभागीय कार्यशाला आयोजित

**जावरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन में शुक्रवार को मीटिंग हॉल सिविल हॉस्पिटल में मीडिया एडवोकेसी एवं अंतर विभागीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि इस कार्यशाला में मीडिया जगत के पत्रकारगण एवं महिला बाल विकास विभाग तथा जनपद से शासकीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी ने कहा कि आज के दौर में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया का बहुत अधिक महत्व है। सारे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं के प्रचार प्रसार में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है तथा इसका लाभ भी जनता को मिल रहा है। इसके कारण




जनता में जागरूकता आई है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है टीकाकरण अभियान, नसबंदी कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना आदि साथ ही अंतर विभागीय समन्वय से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों योजनाओं में सफलता मिलती है। इसके लिए परस्पर विभागीय समन्वय अति आवश्यक हैं। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीईई बसंतिलाल मईडा ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों योजनाओं की जानकारी मीडिया एवं अन्य विभागों को देना है ताकि कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की जा सके। वर्तमान में दस्तक अभियान, टीबी, फैटी लिवर, सिकल सेल अभियान शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम है। उनका शत प्रतिशत लाभ लोगो को दिलाना है। बीपीएम रघुनंदन पाटीदार ने कहा दस्तक अभियान की थीम अंतर्गत अभियान का व्यापक प्रचार, प्रसार, बच्चों में खतरे के लक्षण, स्तनपान, दस्त रोग प्रबंधन, स्वच्छता, एनीमिया, कुपोषण, खाद्य विविधता, गतिविधिया शामिल है।

**एक नजर** — दिवाकर भवन मे प्रतिदिन हो रही धर्मसभा-

# अज्ञान हमें कर्मो के बंधन में बांधता है और सांसारिक दुखों का है कारण

**जावरा।** तपस्विनी विदुषी सरिताश्री मसा, मधुर व्याख्यानी प्रियंकाश्रीजी मसा ने दिवाकर भवन मे धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दु:ख का मूल कारण अज्ञान है। यह अज्ञान हमें कर्मो के बंधन में बांधता है और सांसारिक दुखों का कारण बनता है। अज्ञान का अर्थ है, अपने सच्चे स्वरूप और कर्मो के फल को न समझना। दु:ख के मूल कारण अज्ञान को समझाते हुए बताया कि आत्मा का अपने वास्तविक स्वरूप को न जानना। आत्मा अनंत ज्ञान, दर्शन, सुख और सिद्धि का भंडार है लेकिन अज्ञान के कारण वह शरीर, इंद्रियों और मन के साथ अपने आप को स्थापित कर लेती है। अज्ञान के कारण, आत्मा राग-द्वेष (मोह) में फंस जाती है। जिससे कर्मो का बंधन होता है। कर्मो के फल स्वरूप, आत्मा को सुख-दु:ख, जन्म-मरण आदि का अनुभव होता है। मिथ्यात्व, अज्ञान का ही एक रूप है। यह आत्मा को सत्य से विमुख करके उसे झूठे और भ्रामक विचारों में फंसाता है। अज्ञान के कारण, आत्मा सांसारिक



वस्तुओं, पदार्थो और व्यक्तियों में आसक्ति रखती है। यह आसक्ति, इच्छाओं को जन्म देती है और इच्छाओं की पूर्ति न होने पर दु:ख का अनुभव होता है। अत दु:ख से मुक्ति का उपाय अज्ञान को दूर करना है, और इसके लिए सम्यक ज्ञान की प्राप्ति आवश्यक है। सम्यक ज्ञान के माध्यम से, आत्मा अपने सच्चे स्वरूप को जानती है। कर्मो के बंधन से मुक्त होती है।

**कल होगा जाप का आयोजन-श्रीसंघ**

इसी कड़ी में 20 जुलाई को उवसग्गहरं के जाप कराए जाएंगे। जाप एवं लक्की ड्रा के लाभार्थी इंद्रादेवी मदनलाल शेखर नाहर परिवार रहेंगे। 27 को राष्ट्र संत आचार्य प्रवर आनंद ऋषिजी मसा की 125 वी जन्म जयंती के अवसर पर सामूहिक एकासने श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ द्वारा सागर साधना भवन पर होगे। तपस्वी रत्न प्रकाश पितलीया ने 62 उपवास के प्रत्याख्यान महासतीजी से लिए। महासतीजी के आगम पर आधारित प्रवचन प्रतिदिन दिवाकर भवन पर गतिमान हैं। अधिक से अधिक जिनवाणी श्रवण कर पुण्यर्जन करने की अपील श्रीसंघ के पदाधिकारी ने की है। धर्मसभा का संचालन महामंत्री महावीर छाजेड़ ने किया।

अध्यक्ष इंदरमल टुकडीयां एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीमाल ने बताया कि प्रत्येक रविवार को महासतीजी के सानिध्य में जाप का आयोजन किया जाएगा।